54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 9.5°c अधिकतम 22.3 °c

**अमृतवाणी**
जिस तरह समुद्र के पानी को सुखाया नहीं जा सकता, उसी तरह ज्ञान व्यक्ति को भी हराया नहीं जा सकता।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 7:04, सूर्यास्त - 6:01 | वर्ष : 54/ अंक : 37 | शनिवार, 07 फरवरी 2026 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

कानून व्यवस्था पर सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है : अखिलेश यादव



क्या अपराधी खुशियाँ मनाने लगे हैं?....

# मुख्यालय से फोन आते ही विक्रम सैनी ने निकाली 'मन की भड़ास', बोले-सुधीर सैनी ने किया भाजपा का बेड़ा गर्क

**मुजफ्फरनगर, 06 फरवरी (वार्ता)।** कुछ नेता पूरी तरह निडर होते हैं, जो हाईकमान के हाईकमान से भी नहीं डरते। और जो सच होता है वही उगल देते हैं। खतौली के पूर्व विधायक विक्रम सैनी को भाजपा मुख्यालय से फोन आया और मुख्यालय से फोन करने वाले प्रतिनिधि ने विक्रम सैनी से पूछा कि आपकी विधानसभा में एसआई आर फॉर्म-6 व 7 में क्या रिपोर्ट है। विक्रम सैनी ने आव देखा न ताव, न दाएं-बाएं की बातचीत, सीधा ही बोल दिया कि यो जो तुम्हारा जिलाध्यक्ष है सुधीर सैनी इसी से पूछ लो, इसने सारी भाजपा का बेड़ा गर्क कर दिया है। किसी भी पुराने कार्यकर्ता को यह न कुछ बताता न पूछता। बात यहीं खत्म नहीं हुई, आगे भी विक्रम सैनी ने अपने मन की भड़ास ऐसे उगली जैसे मोदी के सामने कोई मन की बात कर रहा हो। उन्होंने कहा कि यो तो संजीव बालियान का चमचा है और बस अपने जो इसके चेले हैं, उन्हीं को ये पूछे, बाकी पुराने ना तो विधायकों से इसे कोई मतलब और न ही कार्यकर्ताओं से, भाजपा मुख्यालय से फोन करने वाले प्रतिनिधि को ऐसा झटका लगा, जैसे वह किसी विपक्ष के नेता से बात कर रहा हो। क्योंकि आमतौर पर भाजपा के ही पूर्व विधायक होने के नाते जब मुख्यालय से कोई फोन आता है तो बड़ी मधुर भाषा में पूर्व या वर्तमान विधायक बात करते देखे जाते हैं। फोन करने वाले को ऐसा मक्खन लगाते हैं, जैसे पूरे जिले में सबकुछ चकाचक है, मगर विक्रम सैनी तो पहले से ही बड़बोले रहे हैं, वे सीधी बात करते हैं चाहे फिर हाईकमान उनका जो कुछ उखड़ता हो उखाड़ ले। आपको बता दें कि यह पहला अवसर नहीं है, जब विक्रम सैनी ने बेबाकी से बात की हो। उन्हें जो भी बात कहनी होती है, वह बिना सोचे समझे निडर होकर कह डालते हैं। इस बार भी उन्होंने भाजपा का बेड़ा गर्क होने की बात सीधे सीधे मुख्यालय को ही बोल दी।



विक्रम सैनी



सुधीर सैनी

## क्या जिले में सचमुच बर्बाद हुई है भाजपा?

**मुजफ्फरनगर।** विक्रम सैनी की बात सचमुच पार्टी हाईकमान को बेशक बुरी लगी होगी, क्योंकि इतना सीधा-सीधा सच कौन बोलता है? मगर अध्ययन किया जाए तो बात भी सच है, क्योंकि 2024 में जिले में भाजपा औंधे मुंह गिरी थी और खुद सांसद संजीव बालियान सुधीर सैनी की ही जिलाध्यक्षी में हार गए थे। उस समय भी सुधीर सैनी पर विभिन्न आरोप कार्यकर्ताओं ने लगाए थे और संजीव बालियान की हार का ठीकरा सुधीर सैनी के ऊपर ही फोड़ा था। उसके बाद से भाजपा में अब तक कोई ऐसा उत्साह का माहौल नहीं दिखा, जिससे यह प्रतीत होता हो कि भाजपा जिले में आगे की ओर जा रही है। आपको बता दें कि 2022 में भी भाजपा 6 में से 5 विधानसभा सीट हार गयी थी और रालोद ने इन सीटों पर अपना कब्जा जमाते हुए शानदार बढ़त बनाई थी और अब भी अधिकांश सीटों पर भाजपा से ज्यादा रालोद नेताओं की पोजिशन मतदाताओं की निगाह में ज्यादा बेहतर है। पुरकाजी विधानसभा से जीते अनिल कुमार को खुद मुख्यमंत्री ने कैबिनेट मंत्री का ताज पहनाया। वहीं बाकी की विधानसभाओं में भी चाहे वह चरथावल, मीरापुर या खतौली हो रालोद व सपा का प्रभाव आज भी दमदार दिखता है। ऐसे में विक्रम सैनी की यह बात काफी हद तक सही लग रही है कि सुधीर सैनी के कार्यकाल में भाजपा सांसद की सीट हारकर वास्तव में गर्क में ही गयी है।

# भारत ने इंग्लैंड को '100 रनों' से हराकर जीता अंडर-19 विश्वकप का छठा खिताब



वैभव सूर्यवंशी
बॉल 80, रन 175

**हरारे, 06 फरवरी (वार्ता)** वैभव सूर्यवंशी (175) के विस्फोटक शतक के बाद अम्ब्रिश (तीन विकेट), दीपेश देवेंद्रन और कनिष्क चौहान (दो-दो विकेट) की बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शुक्रवार को फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड पर 100 रनों से बड़ी जीत दर्ज करते हुए अंडर-19 विश्वकप का अपना छठा खिताब जीता। वैभव सूर्यवंशी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' तथा प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। 412 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी नहीं हुई और उसने पांचवें ही ओवर में जोसेफ मूर्स (17) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये बेन मेयस ने बीजे डॉवकिंस ने दूसरे विकेट के लिए 74 रन जोड़े। 13वें ओवर में खिलन पटेल ने बीजे डॉवकिंस को आउट कर इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। बीजे डॉवकिंस ने 28 गेंदों में सात चौके और दो छक्के लगाते हुए 45 रन बनाये। कप्तान थॉमस रियू (31) को कनिष्क चौहान ने आउट किया। इसके बाद 21वें ओवर में भारत ने इंग्लैंड के तीन विकेट झटककर अपनी जीत पक्की कर ली। रलफी एलबर्ट (शून्य) रनआउट, फरहान अहमद (एक) और सेबेस्तियन मॉर्गन (शून्य) को दीपेश देवेंद्रन ने आउट किया। जेम्स मिंटो (28 ) रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड की टीम 40.2 ओवरों में 311 रन ही बना सकी और 100 रनों से मुकाबला हार गई। इंग्लैंड की ओर से कैलेब फाल्कनर ने शतकीय पारी खेली, लेकिन अपनी टीम को जीत दिलाने में विफल रहे। उन्होंने 67 गेंदों में नौ चौके और सात छक्के लगाते हुए 115 रनों की पारी खेली। उन्हें कनिष्क चौहान ने आउट किया। भारत के लिए अम्ब्रिश को तीन विकेट मिले। दीपेश देवेंद्रन और कनिष्क चौहान ने दो-दो विकेट लिये। खिलन पटेल और आयुष म्हात्रे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां वैभव सूर्यवंशी (175) के विस्फोटक शतक, कप्तान मयंक अग्रवाल (53) और अभिज्ञान कुंडु (40 ) की

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर पढ़ें

# उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची संशोधन की समय-सीमा बढ़ी, 06 मार्च तक नाम जुड़वा सकते हैं

**लखनऊ, 06 फरवरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची में दावा और आपत्ति दर्ज करने की अवधि एक माह और बढ़ा दी गई है। अब मतदाता 6 मार्च तक नाम जुड़वाने, हटवाने या संशोधन के लिए आवेदन कर सकेंगे। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 6 फरवरी तक बड़ी संख्या में प्राप्त हुए फॉर्म-6 को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। इसी कारण दावे और आपत्तियों की समय-सीमा को एक महीने के लिए आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने बताया कि अब मतदाताओं के पास 6 मार्च तक नाम जोड़ने, कटवाने और संशोधन कराने का अवसर होगा। नोटिसों का निस्तारण 27 मार्च तक किया जाएगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची 10 अप्रैल 2026 को प्रकाशित की जाएगी। बीएलओ प्रतिदिन सुबह 10 से 12 बजे तक संबंधित पोलिंग स्टेशनों पर उपस्थित रहेंगे। दूसरे मतदाताओं के नाम कटवाने की शिकायतों पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि अब किसी का भी नाम हटवाने के लिए अपना वोटर कार्ड देना अनिवार्य होगा, साथ ही नाम कटवाने का ठोस कारण भी बताना होगा। एक साथ बड़ी संख्या में फॉर्म-7 स्वीकार नहीं किए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि फॉर्म-6 की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। 5 फरवरी को रिकॉर्ड 3 लाख 51 हजार 745 फॉर्म-6 प्राप्त हुए। 6 जनवरी से अब तक ऐसे मतदाताओं की संख्या एक करोड़ से अधिक है, जिनका नाम ड्राफ्ट सूची में तो आया लेकिन मैपिंग नहीं हो सकी। वहीं, 2.22 करोड़ मतदाताओं की मैपिंग तो हुई, लेकिन पिता के नाम या आयु में 15 वर्ष से कम अंतर जैसी तार्किक विसंगतियां पाई गईं। इन सभी मामलों में कुल 3.26 करोड़ मतदाताओं को नोटिस भेजे जा रहे हैं, जिनमें से 2.37 करोड़ नोटिस जनरेट, 86.27 लाख नोटिस सर्व और 30.30 लाख मामलों की सुनवाई पूरी हो चुकी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नोटिसों और आवेदनों की संख्या को देखते हुए भारत निर्वाचन आयोग से समय बढ़ाने का अनुरोध किया गया था, जिसकी मांग राजनीतिक दलों ने भी की थी। अब मतदाता 6 मार्च तक मतदाता सूची में संशोधन से जुड़े सभी फॉर्म जमा कर सकते हैं।




# मुठभेड़ में दिल्ली-एनसीआर का 50 हजार का इनामी कुख्यात बदमाश मारा गया

**शामली, 06 फरवरी (एजेंसी)।** गुरुवार रात बाबरी थानाक्षेत्र में बाइक सवार से लूट कर भाग रहे 50 हजार के इनामी बदमाश को शामली में झिंझाना रोड पर पुलिस से मुठभेड़ में मार गिराया गया। पुलिस मुठभेड़ में दिल्ली-एनसीआर का कुख्यात बदमाश ओखला नगर निवासी रिहान मारा गया, जबकि गोली लगने से एक सिपाही भी घायल हो गया। बाबरी क्षेत्र में बाइक सवार दो बदमाशों ने फतेहपुर निवासी राहुल पुत्र सुंदर से पांच सौ रुपये, चांदी की दो अंगूठी और मोबाइल फोन लूट लिया था। जिले में बदमाशों की तलाश में गुरुवार रात करीब 12:30 बजे कोतवाली पुलिस और आदर्श मंडी पुलिस पूर्वी यमुना नहर पर बदमाशों को तलाश कर रही थी, तभी झिंझाना रोड से पीर की ओर कसेरवां गांव की तरफ जाने वाले रास्ते पर बदमाशों को रोकने का प्रयास किया, तो उन्होंने ईख के खेत में घुसकर पुलिस पर फायरिंग कर दी। इस दौरान गोली लगने से सिपाही सुमित बैसला घायल हो गया, जबकि जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को भी गोली लगी और उसका साथी फरार हो गया। सिपाही और बदमाश को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां बदमाश को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।अंधेरा का फायदा उठाकर बदमाश का एक साथी फरार हो गया। मारे गए बदमाश पर 90 मुकदमे दर्ज थे। उसके पास से मेड इन इटली और एक देसी पिस्टल बरामद हुई है। शुक्रवार शाम कुख्यात के भाई और अन्य स्वजन पहुंचे, जिन्हें पुलिस ने शव सुपुर्द कर दिया गया।



# तीन नाबालिगों की जान जाने के बाद महिला आयोग की अध्यक्ष ने दिये निर्देश, प्राइमरी स्कूलों की पढ़ाई के लिए न हो मोबाइल का उपयोग

**लखनऊ, 6 फरवरी (एजेंसी)।** आपको बता दें कि दो दिन पहले गाजियाबाद में तीन बहनों ने 85 फुट ऊंचाई के फ्लैट से छलांग लगाकर अपनी जान दे दी थी और इस जान देने का कारण कोरियन लव गेम सामने आया था। ये कुछ इस तरह के गेम होते हैं जो बच्चों को गेम के माध्यम से ही मौत तक पहुंचा देते हैं। इन गेम्स में यहां तक बच्चों को सिखा दिया जाता है कि उन्हें फांसी लगाकर अपने आपको मौत के घाट उतारना है या किसी बिल्डिंग से कूदकर या फिर किसी हथियार से देश में बच्चों से लेकर युवाओं तक आज मोबाइल के माध्यम से नए-नए खेल खेले जा रहे हैं। कुछ खेलों पर सरकार द्वारा रोक लगा दी गयी है मगर अब गाजियाबाद की घटना पर संज्ञान लेते हुए महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर निर्देशित किया है कि प्राथमिक विद्यालयों में होमवर्क के नाम पर फोन के प्रयोग पर रोक लगाई जाए। मोबाइल पर रोक लगाने के साथ-साथ शैक्षणिक गतिविधियों और ऑनलाइन कक्षाओं को भी रोकने के निर्देश दिये हैं। अध्यक्ष डॉ. बबीता का कहना है कि शिक्षा के नाम पर लापरवाही देखने को मिल रही है और कक्षा 5 तक के बच्चों में फोन की लत एक बार लग जाती है तो वह आसानी से छूटती नहीं है। उन्होंने जानकारी दी कि बच्चों के होमवर्क, एसाइनमेंट एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियां व्हाट्अप ग्रुप एवं अन्य डिजीटल माध्यमों से मोबाइल पर भेजी जा रही है। इन सब पर रोक लगाने की जरूरत है।



## खाई में गिरी बारातियों की बस, 14 की मौत

**पिथौरागढ़, 06 फरवरी (एजेंसी)।** नेपाल के बैतडी जिले में बरात ले जा रही बस हादसे का शिकार हो गई। बैतडी से बजांग जा रही इस बस के अनियंत्रित होकर 150 मीटर गहरी खाई में गिर जाने से 14 बाराती मृत और 34 घायल हो गए। हादसा गुरुवार रात बैतडी के पुरचुंणी नगरपालिका के सात भवने गांव से दुल्हन लेकर बजांग के सुनकुडा जा रही बस के साथ हुआ। बस बड़गांव मोड़ पर अनियंत्रित हो गई और खाई में जा गिरी। जिला प्रहरी कार्यालय बैतडी के प्रवक्ता प्रहरी निरीक्षक बलदेव बडू ने बताया कि रात के समय नेपाल एपीएफ, प्रहरी और स्थानीय लोगों ने मिलकर यात्रियों को रेस्क्यू किया। मरने वालों में केशव राज जोशी (40), अशोक राज जोशी (13), बसंत राज जोशी (35), बिष्णु दत्त जोशी (41), नरेश राज जोशी (42), बिशन दत्त जोशी (17), दीपक जोशी (28), किशन जोशी (46), मोहन देव भट्ट (60), केशव भट्ट (27), बसंत राज रतला (40), पुष्पा अवस्थी (40) और सुशील जोशी शामिल हैं। प्रहरी प्रवक्ता बलदेव बडू ने बताया कि हादसे में 6 बराती मौके पर ही और 7 बाद में अस्पतालों में मौत के मुंह में चले गए। घायल बरातियों में से 25 को डडेलधुरा अस्पताल में और 5 गंभीर रूप से घायल बरातियों को धनगढी भेजा गया है।

## पांच अफसरों के तबादले

**लखनऊ, 06 फरवरी (एजेंसी)।** प्रदेश सरकार ने आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। कई वरिष्ठ अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। भ्रष्टाचार निवारण संगठन, एसटीएफ और पुलिस मुख्यालय समेत विभिन्न अहम पदों पर बदलाव किए गए हैं। प्रशासनिक स्तर पर इसे नियमित प्रक्रिया बताया गया है। शासन ने शुक्रवार को डीआईजी रेंक के चार आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। भ्रष्टाचार निवारण संगठन में तैनात अखिलेश कुमार चौरसिया को डीजीपी मुख्यालय में डीआईजी स्थापना बनाया गया है। नोएडा पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त यमुना प्रसाद को पीटीएस मुरादाबाद का डीआईजी बनाया गया है। डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध चल रहे डीआईजी हेमराज मीना को यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज भेजा गया है। मेरठ की 44वीं वाहिनी पीएसी में तैनात डीआईजी सचिंद्र पटेल को भ्रष्टाचार निवारण संगठन भेजा गया है। इसके अलावा एसटीएफ में एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान को डीआईजी बना दिया गया है।

# सड़क हादसे में महिला की दर्दनाक मौत, पुत्र गंभीर रूप से हुआ घायल

**भोपा, 06 फरवरी (बु.)।** थानाक्षेत्र के कांवड़ मार्ग पर शुक्रवार सुबह हुए सड़क हादसे में बाईक सवार एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सकों ने घायल युवक को गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रैफर कर दिया है। हादसे के बाद कार सवार वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुरकाजी थानाक्षेत्र के गांव कम्हेड़ा निवासी सुमन शुक्रवार सुबह अपने पुत्र हिमांशु के साथ बाइक पर सवार होकर भोपा थानाक्षेत्र के गांव मोरना में आई थी। सुबह लगभग नौ बजे दोनों काम निपटाकर कांवड़ मार्ग से होते हुए अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही दोनों भोपा पुल से कुछ आगे पहुंचे, तभी तेज गति से जा रही एक कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए, वहीं कार चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची भोपा पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा पर पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान महिला सुमन ने दम तोड़ दिया। चिकित्सकों ने गंभीर हालत के चलते हिमांशु को जिला अस्पताल रैफर किया है। पुलिस की सूचना पर अस्पताल में पहुंचे परिजनों में हाहाकार मच गया, जिसके बाद पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटनास्थल पर मिली एक नंबर प्लेट के आधार पर कार चालक के बारे में पता करने का प्रयास कर रही है, मामले में अभी कोई तहरीर नहीं आई है। महिला की मौत से पति आजादवीर सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।







# घूसखोर पंडत फिल्म के निर्देशक व टीम के खिलाफ एफआईआर

**लखनऊ, 6 फरवरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की समाज में सौहार्द्र बिगाड़ने और धार्मिक/जातिगत भावनाओं को आहत करने वालों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति और ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देशों के तहत ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रचारित-प्रसारित की जा रही आगामी फिल्म घूसखोर पंडत के निर्देशक रितेश शाह व नीरज पांडे के खिलाफ राजधानी लखनऊ के थाना हजरतगंज में एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई समाज में वैमनस्य फैलाने, धार्मिक एवं जातिगत भावनाओं को आहत करने और शांति व्यवस्था को भंग करने के प्रयास के आरोप में की गई है। आपको बता दें कि घूसखोर पंडत के नाम से हाल ही में नेटफिल्क्स व ओटीटी प्लेटफॉर्म पर फिल्म प्रसारित हुई है, जिसके बाद ब्राह्मण समाज सड़कों पर उतर गया है और ब्राह्मणों को घूसखोर दर्शाया जा रहा है। इसी का विरोध करते हुए पूरे समाज ने फिल्म के नाम का विरोध किया था। मामला और न भड़के इसी के चलते मुख्यमंत्री ने तुरन्त फिल्म निर्देशक के विरुद्ध थाना हजरतगंज के प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने एफआईआर दर्ज कर ली है।**




# योगी सरकार का बड़ा फैसला: यूपी में प्रॉपर्टी खरीदने के लिए पेन कार्ड अनिवार्य, बिना पेन नहीं होगी रजिस्ट्री

**लखनऊ, 06 फरवरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में जमीन, मकान या किसी भी तरह की अचल संपत्ति की खरीद-फरोख्त को लेकर योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य के रजिस्ट्री विभाग ने नया आदेश जारी करते हुए प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन के लिए पेन कार्ड को अनिवार्य कर दिया है। अब बिना पेन कार्ड के न तो जमीन खरीदी जा सकेगी और न ही उसकी रजिस्ट्री होगी। नए निर्देशों के तहत खरीदार और विक्रेता दोनों को पेन कार्ड की जानकारी देनी होगी। सरकार ने सभी जिलों के रजिस्ट्री कार्यालयों को आदेश भेज दिए हैं। रजिस्ट्री से जुड़े ऑनलाइन सिस्टम में दोनों पक्षों का पेन नंबर दर्ज किया जाएगा और उसका ऑनलाइन सत्यापन भी किया जाएगा। यदि पेन की जानकारी नहीं दी गई, तो रजिस्ट्री प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ेगी। राज्य की योगी सरकार का कहना है कि यह कदम बेनामी संपत्तियों, संदिग्ध लेनदेन और अवैध निवेश पर लगाम लगाने के उद्देश्य से उठाया गया है। खास तौर पर भारत-नेपाल सीमा से सटे जिलों में विदेशी फंडिंग के जरिए जमीन खरीदने के मामलों को रोकने पर सरकार का फोकस है। पेन अनिवार्य होने से हर प्रॉपर्टी सौदे का रिकॉर्ड ट्रैक करना आसान होगा। इसके साथ ही रजिस्ट्री विभाग अपने सॉफ्टवेयर सिस्टम में भी बदलाव कर रहा है, जिससे पेन नंबर का तुरंत ऑनलाइन वेरिफिकेशन किया जा सके। इससे फर्जी दस्तावेजों और गलत पहचान के आधार पर रजिस्ट्री कराने पर रोक लगेगी। साथ ही आयकर विभाग से जुड़े मामलों में भी डेटा का मिलान आसान होगा। अधिकारियों के अनुसार यह नियम पूरे उत्तर प्रदेश में लागू होगा और सभी रजिस्ट्री कार्यालयों को इसका सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। अब यूपी में प्रॉपर्टी खरीदने की प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक पारदर्शी और सख्त हो जाएगी।



## इस्लामाबाद की इमामबारगाह में विस्फोट से 50 मरे , 170 घायल

**इस्लामाबाद, 06 फरवरी (वार्ता)** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के एक इमामबारगाह में शुक्रवार को नमाज के दौरान हुए जोरदार बम धमाके में कम से 50 लोगों की मौत हो गयी और 150 अन्य घायल हो गए। इस्लामाबाद के डिप्टी कमिश्नर इरफ़ान नवाज़ मेमन ने हताहतों की पुष्टि करते हुए कहा कि यह धमाका इस्लामाबाद के शहज़ाद टाउन इलाके में स्थित एक इमामबारागाह में हुआ। घायलों की संख्या को देखते हुए अधिकारियों ने आस-पास के सभी बड़े अस्पतालों में इमरजेंसी लगा दी। उन्होंने कहा कि घायलों का इलाज इस्लामाबाद और पास के रावलपिंडी शहर के अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है और मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है क्योंकि घायलों में से कई लोगों की हालत गंभीर है।




मुज़फ़्फ़रनगर में पहली बार
चश्मा हटवायें
BLADELESS, PAINLESS, TOUCHLESS
लेसिक लेजर द्वारा
डॉ. सुमित जैन
M.S. (Ophth.), F.M.R.F.
नेत्र रोग विशेषज्ञ
पारस नेत्रालय
Cashless Insurance की सुविधा उपलब्ध है
NABH
मोतियाबिन्द ऑपरेशन फैको विधि द्वारा
- बिना इन्जेक्शन, बिना टाँका, बिना भर्ती, तुरन्त छुट्टी
- विश्व की आधुनिकतम मशीन द्वारा लैंस की जाँच
- बेहद मामूली छेद (MICS)
- दुनिया के सबसे बेहतरीन लैंसों का प्रयोग (प्रत्यारोपण)
- अत्याधुनिक लेजर (YAG) द्वारा झिल्ली हटाना

रेटिना क्लीनिक
- आँखों के पर्दे की OCT
- ग्रीन लेजर एवं इंजेक्शन
- पर्दे की सभी बीमारियों का इलाज
- नवजात शिशुओं की ROP SCREENING
- शुगर रोगियों की आँखों के पर्दों का इलाज

जानसठ रोड, मुज़फ़्फ़रनगर, सम्पर्क - 9634049928, 8433289767
शुक्रवार अवकाश

